# डिस्पेंसरी से सीधे मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रेफर ले सकेंगे श्रमिक: छत्तीसगढ़ में 4 नए डिस्पेंसरी भी खोलने की तैयारी; ESIC अस्पतालों में बढ़ेगी आईपीडी सुविधा

रायपुर | 18 घंटे पहले



शेयर

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन।

छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए डिस्पेंसरी से सीधे मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रेफर ले सकेंगे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## निजी संस्थानों का होगा सर्वे

प्रदेश के राइस मिल, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, निजी स्कूल समेत बाकि संस्थान के सर्वे कर ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को ईएसआईसी में पंजीकृत करने के निर्देश। उन्होंने बस्तर में जल्द कार्यालय और अस्पताल प्रारंभ करने को भी कहा है।

## जल्द खुलेंगी 4 नई डिस्पेंसरी

प्रदेश में 4 नए डिस्पेंसरी शुरू करने के और साथ ही ईएसआईसी अस्पतालों में आईपीडी की सुविधा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए हैं, छत्तीसगढ़ में 4 नए औषधालय जिनमें लारा, खरसिया, तिल्दा और उरला में खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है।



शेयर

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन।

## अभी की प्रक्रिया बेहद जटिल

मंत्री लखन लाल ने कहा कि फिलहाल की स्थिति में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और इमरजेंसी में मरीजों को पहले ईएसआईसी के डिस्पेंसरी फिर मुख्य अस्पताल से अनुबंधित अस्पताल रेफर करवाना पड़ता है। ये प्रक्रिया काफी जटिल है जिससे समस्या श्रमिक और उनके परिवार को होती है। ईएसआईसी जब तक अपने अस्पतालों में सुविधा नहीं बढ़ाती तब तक मरीजों को अन्य अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराएं।